म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26–अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/एमआईएस/आकाशवाणी/1095 भोपाल,दिनांक : 26/03/2019

प्रति,

सुश्री कविता सिंह,
सहायक निदेशक (कार्यक्रम),
आकाशवाणी केन्द्र श्यामला हिल्स,
भोपाल.

विषयः–प्रयोजित कार्यक्रम ''धरती उगले सोना'' के प्रसारण के संबंध में।

संदर्भः–आपका पत्र क्रमांक. भोपा0/वि.प्र.से.–2 (2) बी.प्रोमो/2018–19/पी.सी./2740 दिनांक 22/03/2019

कृपया उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र में आपके द्वारा अवगत कराया गया है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम ''धरती उगले सोना'' को बंद किया गया है तथा राज्य निर्वाचन आयोग से इस संबंध में अनापत्ति प्राप्त कर अवगत कराने हेतु सूचित किया गया है।

जैसा कि आपको विदित है कि ''धरती उगले सोना'' कार्यक्रम 01 जनवरी, 2018 से पूरे प्रदेश में चालू है जिसमें विभिन्न मंडियों में प्रचलित फसल के भाव प्रतिदिन सांय आकाशवाणी के 14 केन्द्रों से किसानों को प्रसारित किये जाते हैं। यह भाव दिनांकवार एक दिन पहले संबंधित मंडियों में प्रचलित क्रय–विक्रय में प्राप्त भाव के आधार पर आकाशवाणी केन्द्रों के माध्यम से किसानों को सूचित किये जाते हैं। इस कार्यक्रम में किसी भी सरकारी योजना का प्रचार–प्रसार नहीं किया जाता है और न ही सरकार के कार्यों का विशलेषण, प्रशंसा, उल्लेख इत्यादि किया जाता है, इसमें केवल फसल के वास्तविक भाव की जानकारी दी जाती है तथा यह कार्यक्रम मात्र पॉच मिनिट का होता है और उक्त समय केवल संबंधित मंडियों के भाव प्रसारित करने में ही निकल जाता है।

इसके साथ–साथ उक्त भाव प्रतिदिवस भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर भी दिये जाकर आम जनता के लिए प्रदर्शित किये जाते हैं, जो वर्तमान में निरंतर चालू हैं और उस पर किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

अतः इस कार्यक्रम को निरंतर चालू रखने के लिए म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग से अनापत्ति/अनुमति की आवश्यकता नहीं हैं, क्योंकि उक्त कार्यक्रम आदर्श आचार संहिता के मार्गदर्शी निर्देशों के अंतर्गत प्रतिबंधित नहीं है।

अतः कृपया उक्त कार्यक्रम को निरंतर प्रसारित करने का कष्ट करें।

(फैज़ अहमद किदवई)
प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल.

क्रमांक/बी–5/2/एमआईएस/आकाशवाणी/1096 भोपाल,दिनांक : 26/03/2019

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ ।

1– राज्य निर्वाचन अधिकारी, म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल।

2– प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल।

प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल.